# भाग - I ( सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति )

**निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 3 तक में दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षर/शब्द/संख्या को चुनिए।**

1. लुसियाना : फ्रांस :: ? : रूस
   (A) भारत (B) ग्रीनलैंड
   (C) एलास्का (D) मास्को
2. रेगिस्तान : नखलिस्तान : : सागर : ?
   (A) वन (B) नदी
   (C) प्रायद्वीप (D) पहाड़ी
3. EV: DW: : CX : ?
   (A) FA (B) BY
   (C) AY (D) BZ
4. अण्डाकार, जिस प्रकार वृत्त से संबंधित है, उसी प्रकार निम्नलिखित में से आयताकार से संबंधित क्या है?
   (A) पंचभुज (B) त्रिभुज
   (C) परिधि (D) वर्ग
5. यदि 5 @ 6 = 61 और 8 @ 10 = 164 है, तो 7 @ 9 = ? का हल क्या होगा?
   (A) 32 (B) 63
   (C) 130 (D) 125
6. निम्नलिखित में ऐसे 4 कितने हैं, जिनके पहले 7 है परंतु बाद में 3 नहीं है।
   5 9 3 2 1 7 4 2 6 9 7 4 6 1 3 2 8 7 4 1 3 8 3 2 5 6 7 4 3 9 5 8 2 0 1 8 7 4 6 3
   (A) छः (B) चार
   (C) पांच (D) तीन
7. निम्नलिखित चार में से तीन किसी एक रूप में समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। कौन-सा एक ऐसा है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
   (A) इलायची (B) दालचीनी
   (C) खुबानी (D) लौंग
8. निम्नलिखित में से कौन-सा उसी समूह से संबंधित नहीं है?
   (A) घी (B) तेल
   (C) पनीर (D) दही
9. दिए गए शब्द को एक सार्थक तर्कसंगत क्रम में क्रमबद्ध करें:
   1. आय 2. हैसियत
   3. शिक्षा 4. स्वास्थ्य
   5. नौकरी
   (A) 3, 5, 1, 2, 4 (B) 1, 3, 2, 5, 4
   (C) 1, 2, 5, 3, 4 (D) 3, 1, 5, 2, 4
10. नीचे दिए गए शब्द को एक सार्थक क्रम में लगाएं।
   1. शब्द 2. पैराग्राफ
   3. वाक्य 4. अक्षर
   5. वाक्यांश
   (A) 4, 1, 5, 3, 2 (B) 4, 1, 3, 5, 2
   (C) 4, 2, 5, 1, 3 (D) 4, 1, 5, 2, 3
11. निम्नलिखित प्रश्नों में वे संख्या चुनें जो समूह में अन्यों से भिन्न है।
   (A) 903 (B) 552
   (C) 729 (D) 381
12. निम्नलिखित प्रश्नों में अक्षरों का वह समूह चुनें जो अन्य से भिन्न हो।
   (A) SENO (B) MLAG
   (C) XUBU (D) CZHK
13. शृंखला में अगली संख्या क्या होनी चाहिए?
   1, 3, 6, 10, 15, ___
   (A) 23 (B) 21
   (C) 22 (D) 20
14. शृंखला में खाली स्थान पर, विकल्पों में से कौन-सी संख्या आएगी।
   V, VII, XI, XIV, __, XXI
   (A) XVII (B) XXIII
   (C) XV (D) IX
15. अक्षरों की दी गई शृंखला में कुछ अक्षर गायब हैं, जो उस क्रम में दिए गए हैं जो विकल्पों में से एक में है। सही विकल्प चुनें।
   शृंखला :
   gfe_ig_eii_fei_gf_ii
   (A) i f i g e (B) e i f g i
   (C) f i g i e (D) i f g i e

**निर्देश : प्रश्न संख्या 16 से 17 में, निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में एक संख्या शृंखला दी गई है, जिसमें एक पद गायब है। सही विकल्प चुनें, जो उसी पैटर्न को जारी रखेगा और खाली स्थान भरेगा।**

16. 3, 7, 15, 31, 63, .....
   (A) 131 (B) 115
   (C) 127 (D) 92
17. 2, 15, 41, 80, .......
   (A) 132 (B) 120
   (C) 121 (D) 111

18. नीचे दी गई वर्णानुक्रमिक शृंखला में, @,$, # तथा * के स्थान को भरें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | C | F | @ |
| L | N | $ | I |
| J | # | M | K |
| * | E | D | B |

(A) H O P G (B) G P O H
(C) N A H G (D) B M O G

**निर्देश : प्रश्न संख्या 19 से 21 में, निम्नलिखित में से वह चुने जो अन्य तीन भिन्न हैं:**


19. (A) पखवाड़ा (B) महीना
(C) सप्ताह (D) सत्र


20. (A) 117 (B) 61
(C) 97 (D) 13

21. (A) वनस्पति शास्त्र (B) रसायन शास्त्र
(C) भूगोल (D) भौतिकी शास्त्र

22. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें: यदि
a + b > c + d और b + c > a + d है तो यह निश्चित है कि
(A) b > c (B) b > d
(C) c > d (D) a > d

23. चार विकल्पों में से उपयुक्त चित्र चुनें जो चित्र मैट्रिक्स को पूरा करेगा।





(1) (2) (3) (4)

(A) 4 (B) 2
(C) 3 (D) 1

24. यदि × जोड़ने का द्योतक है, ÷ घटाने का द्योतक है, + गुणा करने का द्योतक है और – भाग करने का द्योतक है तो
20 × 8 ÷ 8 – 4 + 2 निम्नलिखित में से किसके बराबर है?
(A) 5 (B) 25
(C) 24 (D) 80

25. यदि '–' 'X' का द्योतक है, 'X', '+' का द्योतक है '+' '/' का द्योतक है और '/', '–' का द्योतक है तो
9 ÷ 18 × 15 + 3 – 6 × 12 का मूल्य क्या होगा?
(A) 42 (B) 30
(C) 33 (D) 24

26. एक आदमी का परिचय देते हुए एक औरत ने कहा कि वह मेरी माता की माता का एकमात्र पुत्र है, वह औरत उस आदमी की क्या लगती है?
(A) मामी (B) ममेरी बहन
(C) भतीजी (D) नानी

27. X, Y का परिचय यह कहते हुए देता है कि "वह मेरे पिता के पिता की पोती का पति है। Y, X का क्या लगता है?
(A) भतीजा (B) पुत्र
(C) जीजा (D) भाई

28. एक लड़के का परिचय देते हुए एक लड़की ने कहा- "मेरे चाचा के पिता की पुत्री का पुत्र है।" यह लड़का उस लड़की का क्या लगता है?
(A) दामाद (B) भतीजा
(C) चाचा (D) भाई

29. एक निश्चित भाषा में CARROM को BZQQNL के रूप से कोडीकृत किया जाता है तो HOUSE के रूप में कौन-सा शब्द कोडीकृत किया जाएगा?
(A) GPTID (B) GNTRD
(C) INVRF (D) IPVTF

30. एक निश्चित कोड में GIGANTIC को GIGTANCI के रूप में लिखा जाता है, उसी कोड में MIRACLES कैसे लिखा जाएगा?
(A) MIRCLESA (B) MIRLACSE
(C) MIRSELCA (D) MIRLACES

31. एक निश्चित भाषा में QUEUE को Q 22 के रूप में और CHURCH को 1 UR 1 के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में BANANA को कैसे लिखा जाएगा?
(A) B55 (B) B53535
(C) B545S (D) B5A5A


**निर्देश : प्रश्न संख्या 32 से 34 में, नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में नाम और पते का एक संयोजन दिया गया है। विकल्पों में से आपको उस संयोजन का पता लगाना है, जो पूरी तरह प्रश्न के संयोजन से नहीं मिलता है।**

32. E-mail: jahagirpati_modinagar@mrinmayi.com. Phone: 9199654867
(A) E-mail: jahagirpati_modinagar@mrinmayi.com. Phone: 9199654867
(B) E-mail: jahagirpati_modinagar@mirinmayi.com. Phone: 9199654867
(C) E-mail: jahagirpati_modinagar@mrinmayi.com. Phone: 9199654867
(D) E-mail: jahagirpati_modinagar@mrinmayi.com. Phone: 9199654867

33. Sri Niwas Singh, 521/C, Rly Colony, Fazalganj, Kanpur -208012
(A) Sri Niwas Singh, 521/C, Rly Colony, Fazalganj, Kanpur -208012
(B) Sri Niwas Singh, 521/C, Rly Colony, Fazalganj, Kanpur -208012
(C) Sri Niwas Singh, 521/C, Rly Colony, Fazalganj, Kanpur -208012
(D) Sri Niwas Singh, 521/C, Rly Colony, Fazalganj, Kaupur -208012


34. Bodinayakkanur, 2nd April, 1986
(A) Bodinayakkanur, 2nd April, 1986
(B) Bodinayakkanur, 2nd April, 1986
(C) Bodinayakkanur, 2nd April, 1986
(D) Bodinayakkenur, 2nd April, 1986

35. नीचे दिए गए चित्र में, वर्ग, डॉक्टर को दर्शाता है, त्रिभुज, महिलाओं को दर्शाता है और वृत्त, सर्जनों को दर्शाता है। उन महिलाओं को किस अक्षर द्वारा दर्शाया जाता है जो डॉक्टर और सर्जन दोनों हैं।





(A) S + T (B) U
(C) S (D) T

36. निम्नलिखित प्रश्नों में ऐसा आरेख चित्र चुनें जो तीन श्रेणियों का सबसे अच्छे ढंग से प्रदर्शित करता है।




ट्रक, सामान, पोत
(A) D (B) B
(C) C (D) A

37. निम्नलिखित चित्र में वृत्त, कॉलेज के प्रोफेसरों को दर्शाता है, त्रिभुज, शल्य चिकित्सीय विशेषज्ञों का द्योतक है और मेडिकल विशेषज्ञ, आयताकार द्वारा दर्शाए गए हैं।




शल्यचिकित्सीय विशेषज्ञ, जो मेडिकल विशेषज्ञ भी है परंतु प्रोफेसर नहीं है, किसके द्वारा दर्शाए गए है
(A) Y (B) Z
(C) X (D) B

38. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से सर्वोत्तम कथन है?
(A) व्यक्ति को ईमानदार होना चाहिए।
(B) व्यक्ति को अमीर और समृद्ध होना चाहिए।
(C) व्यक्ति को सच्चा और परिश्रमी होना चाहिए।
(D) व्यों ना चाहिए।

39. बच्चे 'कों करते है क्योंकि:
(A) इस होती हैं।
(B) यह सस्ता साधन है।
(C) यह बच्चों को हंसाता है।
(D) यह आचरण सीखाता है।

40. निम्नलिखित में से क्या एक हमेशा न्याय से जुड़ा होता है?
(A) अल्पकता (B) उदारता
(C) बैर (D) पाखण्ड

41. यदि परसों (अगले) शुक्रवार है तो परसों क्या दिन था?
(A) बुधवार (B) मंगलवार
(C) रविवार (D) सोमवार

42. दस मित्र एक दूसरे के साथ हाथ मिलाते हैं। मिलाए गए हाथों की कुल संख्या कितनी है?
(A) 9 (B) 45
(C) 10 (D) 20

43. गंदी बस्तियों में रहने वाले अधिकांश बच्चों का स्वास्थ्य खराब है। इसलिए बिंदु और छोटी, जो गंदी बस्तियों में रहते हैं स्वस्थ नहीं हो सकते। यह निष्कर्ष:
(A) निश्चित रूप से सही है।
(B) निश्चित रूप से गलत है।
(C) सही हो सकता है, गलत भी हो सकता है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं है।

44. एक झील में 10 सीढ़ियाँ हैं जिन पर A से J तक लेबल लगे हुए हैं। सीढ़ी 1 से आरंभ करके हर मिनट एक मेंढक चौथे चरण तक कूदता है। 60 वें मिनट में ये मेंढक कहां होगा?
(A) B (B) H
(C) D (D) A

45. एक परिवार में कुछ भाई और बहनें हैं, प्रत्येक दो भाईयों के इतने ही भाई हैं जितनी बहनें हैं और प्रत्येक दो लड़कियों के दो भाई हैं, जो भाईयों और बहनों की संख्या के दुगुने से कम है। लड़कों और लड़कियों की संख्या बताएं।
(A) लड़के - 8, लड़कियाँ - 6
(B) लड़के - 6, लड़कियाँ- 8
(C) लड़के- 8, लड़कियाँ - 8
(D) लड़के- 6, लड़कियाँ - 10

46. रोहण, कक्षा में ऊपर से 7वें स्थान पर नीचे से 26वें स्थान पर है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?
(A) 34 (B) 32
(C) 33 (D) 31

47. यदि 'a' का अर्थ है '÷', 'b' का अर्थ है 'x', c का अर्थ है '+', 'd' का अर्थ है '–' तो

72 a 9b 12a 18c 25 d 13b 16c 32 अभिव्यक्ति का मूल्य क्या होगा ?

(A) - 437/3 (B) - 438/ 5


(C) - 439/9 (D) - 632/7

48. "REASONABLE" शब्द के अक्षरों से, निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द नहीं बनाया जा सकता।

(A) ARSON (B) BONES

(C) NOBLE (D) BRAIN

49. निम्नलिखित आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए:



(A) 27 (B) 23

(C) 29 (D) 31

50. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसा कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या-समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए है, जैसा कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में है। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 दी गई है और आव्यूह II की 5 से 9। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, B को 00, 14 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा M को 55, 67 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से, आपको शब्द RUDE के लिए समूह को पहचानना है।

आव्यूह - I

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | B | D | E | T | O |
| 1 | D | E | T | O | B |
| 2 | E | B | O | D | T |
| 3 | T | O | B | E | D |
| 4 | O | T | E | B | E |

आव्यूह - II

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | M | U | I | L | R |
| 6 | U | L | M | R | I |
| 7 | I | M | R | U | L |
| 8 | R | I | L | M | U |
| 9 | K | L | M | I | J |

(A) 56, 65, 10, 33 (B) 59, 99, 34, 11

(C) 77, 56, 02, 01 (D) 95, 87, 42, 12

# भाग – II (मात्रात्मक अभिक्षमता)

51. X,Y को 10 प्रतिशत के लाभ पर एक टीवी बेचता है और पुनः Y इसे 10 प्रतिशत की हानि पर Z को बेच देता है। यदि Z,Y को ₹ 9900/– का भुगतान करता है तो X के लिए टीवी का लागत मूल्य क्या है?
(A) ₹ 9900 (B) ₹ 10000
(C) ₹ 11000 (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

52. कोई धनराशि, चक्रवृद्धि ब्याज पर 3 वर्ष के बाद ₹ 13380/– और 6 वर्ष के बाद ₹ 20,070/– हो जाती है वह धन राशि क्या है?
(A) ₹ 9040 (B) ₹ 8890
(C) ₹ 8920 (D) ₹ 8800

53. ₹ 7500/– की धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज पर पहले वर्ष के लिए 2 प्रतिशत, दूसरे वर्ष के लिए 4 प्रतिशत की दर से और तीसरे वर्ष के लिए 5 प्रतिशत की दर से उधार ली गई है। 3 वर्ष के पश्चात् भुगतान की जाने वाली धनराशि कितनी होगी?
(A) ₹ 8432 (B) ₹ 8520.20
(C) ₹ 8235 (D) ₹ 8353.80

54. ₹ 2800/– पर $1\frac{1}{2}$ वर्ष में 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?
(A) ₹ 420 (B) ₹ 436.75
(C) ₹ 434 (D) ₹ 441.35

55. 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से 2 वर्ष के किसी रकम के साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (प्रति वर्ष चक्रवृद्धि किए गए) के बीच का अंतर ₹ 65 है। वह रकम क्या है?
(A) ₹ 65650 (B) ₹ 6565
(C) ₹ 65065 (D) ₹ 6500

56. अंकित ने ₹ 1500 का निवेश दो बैंकों में दो वर्ष के लिए किया। पहले बैंक में उसने 5 प्रतिशत की दर से और दूसरे बैंक में 6 प्रतिशत की दर से निवेश किया। ब्याज के रूप में उसे ₹ 160 प्राप्त हुए। 5 प्रतिशत और 6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज पर दी गई धनराशियाँ क्रमशः निम्नलिखित में से क्या होंगी?
(A) ₹ 950 और ₹ 550 (B) ₹ 1000 और ₹ 500
(C) ₹ 900 और ₹ 600 (D) ₹ 800 और ₹ 700

57. धात्विक गोलकार शैल के आंतरिक और बाह्य सतहों की त्रिज्याएं क्रमशः 4 सेंमी और 5 सेंमी. हैं। यदि इसे मिश्रित किया जाए और $12\frac{1}{3}$ सेंमी. की ऊँचाई के एक ठोस बेलनाकार वस्तु में पुनः ढाला जाए, तो उस बेलन के आधार का व्यास क्या होगा?
(A) 6 सें.मी. (B) 4 सें.मी.
(C) 3 सें.मी. (D) इनमें से कोई नहीं

58. किसी वृत्त की परिधि, 12 सें.मी. की भुजा के एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप और $2\sqrt{2}$ सें.मी. की विकर्ण वाले वर्ग के परिमाप के योग के बराबर है। उस वृत्त का क्षेत्रफल सेंमी$^2$ में क्या है?
(A) 44 (B) 144
(C) 154 (D) इनमें से कोई नहीं

59. एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या और ऊँचाई का जोड़ 15 से.मी. है, यदि बेलन का कुल सतहीय क्षेत्रफल 660 से.मी.$^2$ है तो बेलन का आयतन क्या है?
(A) 1232 से.मी$^3$ (B) 1256 से.मी$^3$
(C) 1296 से.मी$^3$ (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

60. एक आयत की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 5:3 है। यदि आयत का क्षेत्रफल 60 से.मी$^2$ है तो इसकी लंबाई कितनी है?
(A) 10 से.मी. (B) 5 से.मी.
(C) 6 से.मी. (D) 2 से.मी.

61. 4 सें.मी. की त्रिज्या वाले एक गोलाकार वस्तु को पिघलाकर 2 सें.मी. व्यास वाले कितने गोलाकार वस्तुएँ बनाए जा सकते हैं?
(A) 128 (B) 32
(C) 64 (D) 16

62. X, Y और Z अलग-अलग एक काम को क्रमशः 15 दिन 10 दिन और 30 दिन में कर सकते हैं। X की सहायता, Y और Z द्वारा हर तीसरे दिन की जाती है। वह कार्य कितने दिन में पूरा होगा?
(A) 6 दिनों में (B) 7 दिनों में
(C) 9 दिनों में (D) इनमें से कोई नहीं

63. 18 पुरुषों और 12 महिलाओं का एक समूह एक काम को 18 दिन में कर सकते है। काम करने में पुरुष की तुलना में महिला दुगना समय लेती है। उस काम को पूरा करने के लिए 8 पुरुषों को कितने दिन लगेंगे?
(A) 48 (B) 45
(C) 50 (D) 54

64. दो रेलगाड़ियाँ अलीगढ़ और दिल्ली से एक ही समय पर चलती है और क्रमशः 36 कि.मी. प्रति घंटे और 42 कि.मी. प्रति घंटे की गति से एक दूसरे की ओर जाती है। जब वे मिले तो पाया गया कि एक रेलगाड़ी, दूसरी की तुलना में 48 कि.मी. अधिक चली है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी (कि.मी. में) कितनी है?
(A) 624 (B) 544
(C) 460 (D) 636

65. एक 250 मीटर लंबी रेलगाड़ी 90 कि.मी. प्रति घंटे की औसत गति से चल रही है। एक आदमी जो खड़ा है उसको पार करने में उसे कितना समय लगेगा?
(A) 20 सेकंड (B) 10 सेकंड
(C) 12.5 सेकंड (D) 8 सेकंड

66. 250 मीटर और 200 मीटर लंबी दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में चल रही है। यदि रेलगाड़ियाँ एक दूसरे को 45 सेकंड में पार करती है और पहली रेलगाड़ी की गति 27 कि.मी. प्रति घंटा है तो दूसरी रेलगाड़ी की गति क्या है?
(A) 72 कि.मी./घंटा (B) 54 कि.मी./घंटा
(C) 63 कि.मी./घंटा (D) 36 कि.मी./घंटा

67. गणित में 28 छात्रों के अंकों का औसत 50 था। 8 छात्रों ने स्कूल छोड़ दिये और फिर इस औसत में 5 की वृद्धि हो गई। जिन छात्रों ने स्कूल छोड़ दिया, उनके द्वारा प्राप्त किए गए अंकों का औसत क्या है?
(A) 50.5 (B) 42.5
(C) 45 (D) 37.5

68. एक आदमी 60 कि.मी. प्रति घंटे की गति से अपने कार्यालय को जाने के लिए गाड़ी चलाता है औ उसी मार्ग से 30 कि.मी. प्रति घंटे की गति से घर लौटता है। औसत गति क्या है?
(A) 55 कि.मी. प्रति घंटा (B) 45 कि.मी. प्रति घंटा
(C) 40 कि.मी. प्रति घंटा (D) 5 कि.मी.प्रति घंटा

69. यदि $\left(x-\frac{1}{x}\right)=\sqrt{21}$ है तो, $\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)\left(x+\frac{1}{x}\right)$ का मान क्या होगा?
(A) 118 (B) 115
(C) 119 (D) 120

70. $\sqrt{\left(10+\sqrt{\left(25+\sqrt{121}\right)}\right)}$ का मान निम्नलिखित में से क्या होगा?
(A) 156 (B) 16
(C) 46 (D) 4

71. यदि $\alpha, \beta$, $x^2+px+12=0$ का मूले और $\alpha - \beta = 1$ है तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
(A) p = $\pm 3$ (B) p = $\pm 5$
(C) p = $\pm 7$ (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

72. $(x^3+3x^2-x-3)$ और $(x^3+4x^2+x-6)$ की महत्तम समापवर्तक क्या है?
(A) $(x^2+2x-3)$ (B) $(x+3)$
(C) $(x+2)$ (D) $(x-1)$

73. यदि $x+y+z=12$ और $x^2+y^2+z^2=62$ है, तो $(x^3+y^3+z^3-3xyz)$ का मान ज्ञात करें।
(A) 372 (B) 252
(C) 256 (D) 144

74. यदि $x-\frac{1}{x}=5$ है, तो $x^2+\frac{1}{x^2}$ का मूल्य क्या है ?
(A) 32 (B) 27
(C) 30 (D) 25

75. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :
निम्नलिखित रैखिक समीकरणों $3x+4y=15$ और $15x+20y=75$ का :-
(A) अपरिमित हल है। (B) अनोखा हल है।
(C) परिमित हल है। (D) कोई हल नहीं है।

76. यदि दो संख्याओं का अनुपात 2 : 1 है और उनका गुणनफल 1800 है तो बड़ी संख्या, निम्नलिखित में से कौन-सी है।
(A) 120 (B) 60
(C) 90 (D) 30

77. जब किसी संख्या को किसी अन्य संख्या से विभाजित किया जाता है तो शेष 23 बचता है। जब इस संख्या के दुगुनी संख्या को उसी विभाजक से विभाजित किया जाता है तो शेष 11 बचता है, तो विभाजक क्या है?
(A) 36 (B) 35
(C) 34 (D) 20

78. किसी संख्या को 13 से विभाजित करने पर 1 शेष आता है। यदि भागफल को 5 से विभाजित किया जाता है तो शेष के रूप में तीन बचता है। यदि इस संख्या को 65 से विभाजित किया जाता है, तो शेष क्या बचेगा?
(A) 40 (B) 18
(C) 28 (D) 16

79. 2.5 और 3 के बीच तीन परिमेय संख्याएं क्या हैं?
(A) 2.65, 2.701001071...., 2.75
(B) 2.8, 0, 2.75
(C) 2.625, 2.75, 2.875
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. $\sqrt[4]{(81)^{-2}}$ का मान क्या है?
(A) 1/81 (B) 1/3
(C) 1/9 (D) 9

81. $2\sqrt{3}-\sqrt{3}-3\sqrt{3}+\sqrt{12}$ किसके बराबर है?
(A) 1 (B) $5\sqrt{3}$
(C) $6\sqrt{3}$ (D) 0

82. एक आदमी, एक आयताकार फील्ड, जिसकी चौड़ाई और लंबाई क्रमशः 4 मीटर और 3 मीटर है के आर-पार विकर्ण के अनुदिश चलता है। किनारे के साथ-साथ न चलकर दूरी में की गई बचत प्रतिशत क्या है?
(A) 27.6% (B) 28.57%
(C) 28.4% (D) 33.4%

83. एक परीक्षा में 40 प्रतिशत छात्र गणित में और 30 प्रतिशत अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए, जबकि 20 प्रतिशत गणित और अंग्रेजी दोनों में अनुत्तीर्ण हुए। कितने प्रतिशत छात्र दोनों विषयों में उत्तीर्ण हुए?
(A) 48% (B) 50%
(C) 70% (D) उपर्युक्त कोई नहीं

84. अल्कोहल और पानी के 15 लीटर मिश्रण में 20 प्रतिशत अल्कोहल है और बाकी पानी है। यदि इसमें 3 लीटर पानी मिला दिया जाता है तो नए मिश्रण में अल्कोहल का प्रतिशत क्या होगा?
(A) 33.33% (B) 20%
(C) 25% (D) 16.67%

85. एक आयत की लंबाई को 60 प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाता है। समान क्षेत्रफल बनाए रखने के लिए चौड़ाई में कितने प्रतिशत घटाना होगा?
(A) $66\frac{2}{3}\%$ (B) 60%
(C) 75% (D) 37½%

86. दूध की कीमत में 15 प्रतिशत की वृद्धि हो जाने के कारण एक परिवार दूध की अपनी खपत में 15 प्रतिशत की कमी कर देता है। दूध के कारण परिवार के व्यय में कितना प्रभाव पड़ा?
(A) 3.5% कमी (B) 2.25% कमी
(C) 3% कमी (D) 2.50 % वृद्धि

87. कॉलेज में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 3 : 2 है। यदि 20 प्रतिशत लड़के और 25 प्रतिशत लड़कियाँ वयस्क हैं तो अवयस्क छात्रों का प्रतिशत क्या है?

(A) 82.5% (B) 67.5%
(C) 76% (D) 78%

88. दो व्यक्तियों की मासिक आमदनियों का अनुपात 5 : 4 है और उनके व्यय का अनुपात 9 : 7 है। यदि प्रत्येक व्यक्ति ₹ 500 प्रति माह बचाता है तो उनकी मासिक आमदनी कितनी है।

(A) ₹ 4500, ₹ 3600
(B) ₹ 3500, ₹ 2800
(C) ₹ 4000, ₹ 3200
(D) ₹ 5000, ₹ 4000

89. दो संख्याओं के बीच का अनुपात 5 : 3 है और उनके वर्गों का अंतर 144 है। वह संख्याँ क्या हैं?

(A) 20, 12 (B) 10, 6
(C) 15, 9 (D) 5, 3

90. एक मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 2 है। 6 लीटर पानी मिला देने पर दूध और पानी का अनुपात 7 : 5 हो जाता है तो अंतिम मिश्रण में पानी की मात्रा कितनी होगी?

(A) 10 लीटर (B) 4 लीटर
(C) 12 लीटर (D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

91. यदि (a+b) : (b+c) : (c+a) = 6 : 7 : 8 और a + b + c = 14 तो c = ?

(A) 14 (B) 7
(C) 8 (D) 6

92. यदि कुल लाभ, विक्रय मूल्य का 26 प्रतिशत है तो विक्रय मूल्य का कितना प्रतिशत, क्रय मूल्य के 34 प्रतिशत के बराबर होगा?

(A) 24.76% (B) 25.16%
(C) 20.36% (D) 17.16%

93. प्रिया ने दो मिक्सी ₹1500/- में खरीदे और उसे एक पर 9 प्रतिशत का लाभ और दूसरे पर 6 प्रतिशत की हानि हुई। परन्तु समग्र रूप से न तो लाभ हुआ और न ही हानि हुई तो मिक्सियों की लागत मूल्यों का अनुपात क्या है?

(A) 3 : 5 (B) 2 : 3
(C) 5 : 3 (D) 3 : 2


94. एक दुकानदार किसी वस्तु पर दो क्रमिक छूट देता है, जिसका अंकित मूल्य ₹150/- और विक्रय मूल्य ₹ 105/- है। यदि दूसरा छूट 12.5 प्रतिशत है तो पहली छूट क्या है?

(A) 25 % (B) 17.5 %
(C) 20 % (D) 16.67 %

95. एक वस्तु 10 प्रतिशत हानि पर बेची जाती है। यदि उसे ₹ 30 अधिक में बेचा जाता तो हानि केवल 5 प्रतिशत होती। उस वस्तु का लागत मूल्य क्या है?

(A) ₹ 600 (B) ₹ 300
(C) ₹ 500 (D) ₹ 200

**निर्देश (प्र. 96-97): निम्नलिखित रेखाचित्र, दिल्ली में वर्ष 2013 के पहले और 6 महीने के दौरान कारों का पंजीकरण और कुल वाहन ( हजारों में ) दर्शाता है।**





96. जनवरी से अप्रैल 2013 तक कारों के अलावा वाहनों के पंजीकरण में कितनी वृद्धि थी ?

(A) 9000 (B) 10000
(C) 15000 (D) 5000

97. मई से जून 2013 तक कारों के पंजीकरण में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?

(A) 11 % (B) 39.28%
(C) 64.7% (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्र. 98-100): निम्नलिखित सारणी, वर्ष के दौरान विभिन्न मदों पर एक परिवार का खर्च और इसकी बचत दर्शाती है :**




98. यदि परिवार की कुल आय ₹ 75000 थी तो बच्चों की शिक्षा पर व्यय कितना हुआ था ?

(A) ₹ 750 (B) ₹ 900
(C) ₹ 7500 (D) ₹ 9000

99. ₹ 75000/- की कुल आय में से आवास और परिवहन पर किए गए व्यय का अंतर क्या था ?

(A) ₹ 6350 (B) ₹ 7500
(C) ₹ 8200 (D) ₹ 8500

100. भोजन पर किये जाने वाले व्यय, कपड़ों पर किए जाने वाले व्यय से कितना अधिक था ?

(A) ₹ 7350 (B) ₹ 6750
(C) ₹ 9750 (D) ₹ 8250

# भाग - III ( सामान्य जानकारी )

101. भारतीय योजना आयोग का अध्यक्ष कौन है?
(A) डॉ. मनमोहन सिंह
(B) डॉ. मॉंटेक सिंह अहलुवालिया
(C) प्रो. डी. पी. अग्रवाल
(D) पी. चिदम्बरम्

102. 3 फरवरी, 2013 को, अपने संबंधो में सुधार करने के लिए म्युनिख, जर्मनी में, निम्नलिखित में से किसके बीच वार्ता हुई?
(A) रूस के विदेश मंत्री श्री सेरगाई लावरोव और सं. रा. के विदेश मंत्री श्री जोह्न केरी।
(B) रूस के विदेश मंत्री श्री सेरगाई लावरोव और सं. रा. के राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा।
(C) रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और सं. रा. के उप-राष्ट्रपति श्री जोए बिदेन।
(D) रूस के विदेश मंत्री श्री सेरगाई लावरोव और सं. रा. के उप-राष्ट्रपति श्री जोए बिदेन।

103. अंतर्राष्ट्रीय नवीकरण योग्य ऊर्जा एजेंसी ने, निम्नलिखित में से किस तारीख को विश्व का पहली एटलस आरंभ की ?
(A) 13 जून 2013 (B) 13 मार्च 2013
(C) 13 मई 2013 (D) 13 जनवरी 2013

104. कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2013 किस प्रकार आयोजित की जाएगी ?
(A) 3 स्तरीय प्रणाली, जिसमें तीन लिखित परीक्षाएँ होंगे।
(B) 3 स्तरीय प्रणाली, जिसमें दो लिखित परीक्षाएँ होंगे।
(C) 3 स्तरीय प्रणाली, जिसमें एक लिखित परीक्षाएँ होंगे।
(D) 2 स्तरीय प्रणाली, जिसमें एक लिखित परीक्षाएँ होंगे।

105. दिल्ली का नया उप राज्यपाल नियुक्त किए जाने से ठीक पहले नजीब जंग किस पद पर थे ?
(A) तेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव
(B) ऑक्सफोर्ड ऊर्जा अध्ययन संस्थान के प्रमुख
(C) जामिया मिलिया इस्लामिया के कुलपति
(D) एशियन विकास बैंक के सलाहकार

106. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनें:
अशोक के कलिंग के आक्रमण के परिणामस्वरूप :
(A) युद्धों और प्रादेशिक जीतों की नीति की विजय हुई।
(B) राज्य की नीति के रूप में शांति और अहिंसा का विकास हुआ।
(C) मौर्य साम्राज्य की सम्पत्ति और समृद्धि बढ़ी।
(D) कलिंग के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनें।

107. निम्नलिखित शासकों में से कौन-सा शासक, गुलाम वंश से संबंधित था ?
(A) अकबर (B) अहमद शाह अब्दाली
(C) इल्तुतमिश (D) हुमायूँ

108. भारत के गवर्नर जनरल के पद में 'वायसराय' की पदवी पहली बार किस साल में जोड़ी गई ?
(A) 1858 (B) 1856
(C) 1892 (D) 1828

109. वह स्थानीय शासक कौन था, जिससे मई 1498 में कालीकट में पहुँचने पर वास्कोडीगामा मिला था ?
(A) सिराज (B) जामोरिन
(C) राजेन्द्रन नायर (D) भगवान लाल

110. भारत में ऐसा कौन-सा पहला राज्य है, जहाँ पंचायत राज प्रणाली लागू की गई थी ?
(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) आन्ध्रप्रदेश (D) तमिलनाडु

111. उस भारतीय शतरंज खिलाड़ी का क्या नाम है, जिसने पहली बारह चालों में खेल समाप्त करके विश्व रिकार्ड तोड़ा
(A) विश्वनाथन आनन्द (B) शकुंतला देवी
(C) प्रवीण थीप्से (D) चम्पा बोस

112. निम्नलिखित में से कौन सा, उसी खेल का एक युगल नाम है
(A) वॉलीबाल-स्क्वैश (B) गोल्फ- पोलो
(C) बिलियार्ड- कैरम (D) शॉकर- फुटबॉल

113. आईसीसी का पूरा रूप क्या है?
(A) इंडियन क्रिकेट काउंसिल
(B) इंडियन क्रिकेट क्लब
(C) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल
(D) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट क्लब

114. बटरफ्लाई स्ट्रोक, निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है ?
(A) पोल वाल्ट (B) गोल्फ
(C) तैराकी (D) कबड्डी

115. भारत ने सबसे पहले ओलंपिक खेलों में किस वर्ष में भाग लिया था ?
(A) 1960 (B) 1928
(C) 1972 (D) 1920

116. निम्नलिखित में से किसने दोनों देशों का सर्वोच्च सिविलियन पुरस्कार 'भारत रत्न' और 'निशान-ए-पाकिस्तान' प्राप्त किया?
(A) मोरारजी भाई देसाई
(B) जन. अयूब खान
(C) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद
(D) महात्मा गाँधी

117. मेग्सेसे पुरस्कार, किस क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है ?
(A) सामाजिक विज्ञान (B) जन सेवा, सामुदायिक नेतृत्व
(C) विज्ञान (D) साहित्य

118. प्रथम राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार निम्नलिखित में से किसे दिया गया था ?
(A) मदर टेरेसा (B) रंगनाथन मिश्रा
(C) जे. आर. डी. टाटा (D) आचार्य तुलसी

119. वर्ष 2012 के लिए प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार का विजेता कौन है ?
(A) प्रतिभा रे (उड़िया) (B) डॉ. रावुरी भारद्वाज (तेलुगु)
(C) श्रीलाल शुक्ला (हिन्दी) (D) अमर कान्त (हिन्दी)

120. 2013 के लिए फोर्ब्स द्वारा विश्व की सबसे शक्तिशाली महिला का स्थान किसे दिया गया ?
(A) डिलमा रोसेफ (B) इंदिरा नूयी
(C) अंगेला मार्केल (D) सोनिया गांधी

121. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर निम्नलिखित में से किस पर आधारित है ?
(A) हिज्री संवत् (B) शक संवत्
(C) विक्रम संवत् (D) ईसा संवत्

122. डांडिया किस राज्य का लोकप्रिय नृत्य है?
(A) कर्नाटक (B) उत्तर प्रदेश
(C) गुजरात (D) राजस्थान

123. कालचक्र समारोह किस धर्म से जुड़ा है?
(A) दीन-ए-इलाही धर्म (B) जैन धर्म
(C) सिक्ख धर्म (D) बौद्ध धर्म

124. निम्नलिखित में कौन एक शास्त्रीय भारतीय नृत्य नहीं है?
(A) भरतनाट्यम (B) ओडिसी
(C) मणिपुरी (D) रास लीला

125. निम्नलिखित में से सबसे प्राचीन वाद्य यंत्र कौन-सा है?
(A) तबला (B) वीणा
(C) सरोद (D) सितार

126. सं.रा. के राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए बराक ओबामा ने किस तारीख को आधिकारिक शपथ ली?
(A) 20 मई, 2013 को, जो सं.रा. के मुख्य न्यायाधीश वारेन ई बर्जर द्वारा दिलाई गई।
(B) 20 मई, 2013 को, जो सं. रा. के मुख्य न्यायाधीश विलियम रेह्नक्वीस्ट द्वारा दिलाई गई।
(C) 20 जनवरी, 2013 को, जो सं.रा. के मुख्य न्यायाधीश जोहन रोबर्ट्स द्वारा दिलाई गई।
(D) 20 मई, 2013 को, जो सं. रा. के मुख्य न्यायाधीश जोहन रोबर्ट्स द्वारा दिलाई गई।

127. मुंबई आतंक की साजिश रचने के लिए पाकिस्तानी अमरीकी डेविड कोलेमन हेडली को सं. रा. न्यायालय द्वारा कितने वर्ष का कारावास घोषित किया गया था?
(A) 35 वर्ष का कारावास (B) 55 वर्ष का कारावास
(C) 45 वर्ष का कारावास (D) 65 वर्ष का कारावास

128. मोहम्मद मोर्सी, अपदस्थ राष्ट्रपति, मिश्र के किस राजनीतिक दल से सम्बन्धित है?
(A) लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी
(B) क्रिश्चियन पार्टी
(C) मुस्लिम ब्रदरहुड पार्टी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. तीस्ता संधि, भारत और किस देश के बीच झगड़े की जड़ बन गई है?
(A) नेपाल (B) पाकिस्तान
(C) बांग्लादेश (D) चीन

130. चीन की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कौन है?
(A) ली एक्सी (B) लियू यंग
(C) यंग एक्सी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

131. राष्ट्रीय आय निम्नलिखित में से किस पर आधारित होती है?
(A) सरकार का कुल राजस्व
(B) सामान और सेवाओं का कुल उत्पादन
(C) अर्जित निवल लाभ और सरकार द्वारा किया गया खर्च।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

132. निम्नलिखित में से कौन-सा अप्रत्यक्ष कर है?
(A) कैपीटल गेन कर (B) संपत्ति कर
(C) उत्पाद शुल्क (D) कॉरपोरेशन कर

133. 2012 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटकों का अनुमानित आगमन कितना है?
(A) 116.48 लाख (B) 76.48 लाख
(C) 66.48 लाख (D) 96.48 लाख

134. जीडीपी मापने की उत्पाद पद्धति में निम्नलिखित में क्या शामिल है?
(A) सामान और सेवाओं के बाजार मूल्य
(B) देश में उत्पादित प्रत्येक वस्तु के मूल्य को जोड़ना
(C) अंतिम उत्पादन पर सभी खर्चों को जोड़ना।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

135. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनें -
भारत एक :
(A) सुविकसित अर्थव्यवस्था है।
(B) अल्प-विकसित अर्थव्यवस्था है।
(C) विकसित अर्थव्यवस्था है।
(D) निम्न आय वाला विकासशील अर्थव्यवस्था है।

136. ज्वारभाटा निम्नलिखित में किसके गुरुत्वाकर्षण के कारण होता है?
(A) चंद्रमा पर पृथ्वी
(B) पृथ्वी पर सूर्य और चंद्रमा
(C) पृथ्वी पर चंद्रमा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

137. किसी वर्णान्ध व्यक्ति को निम्नलिखित रंगों में से किस रंग को पहचानने में कठिनाई होती है?
(A) हरा और बैंगनी (B) हरा और लाल
(C) सफेद और पीला (D) काला और नीला

138. परमाणु के किस मौलिक कण में नकारात्मक स्फोटक होता है?
(A) इलेक्ट्रॉन (B) न्यूट्रॉन
(C) पॉसीट्रॉन (D) प्रोटॉन

139. निम्नलिखित में किसका इस्तेमाल, किसी न्यूक्लियर रिएक्टर में नियामक के रूप में किया जाता है?
(A) प्लूटोनियम (B) जल
(C) ग्रेफाइट (D) थोरियम

140. इलेक्ट्रिक चार्ज स्टोर करने के लिए हमारे टीवी सैट, कम्प्यूटर, रेडियो सैट में कौन से उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है?
(A) कंडक्टर (B) इंडक्टर
(C) कैपेसीटर (D) रेजिस्टर

141. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हाल ही में निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा जिला जोड़ा गया?

(i) मथुरा-वृंदावन (ii) भिवानी
(iii) महेंद्रगढ़ (iv) जीन्द
(v) भरतपुर

(A) i, iii, v (B) ii, iii, iv
(C) ii, iii, v (D) i, ii, iii

142. भारत द्वारा कवर की गई पृथ्वी की सतह का प्रतिशत कितना है?

(A) 2.4 (B) 5.4
(C) 3.4 (D) 6.4

143. लक्षद्वीप द्वीपसमूह निम्नलिखित जलाशयों में किस में स्थित ह ?

(A) अटलांटिक महासागर (B) बंगाल की खाड़ी
(C) भारतीय महासागर (D) अरब सागर

144. दंकन मार्ग निम्नलिखित में से किसके बीच स्थित है?

(A) मध्य और दक्षिण अंडमान
(B) छोटा और बड़ा निकोबार
(C) उत्तर और मध्य अंडमान
(D) दक्षिण और छोटा अंडमान

145. सतही जल संसाधन सबसे अधिक किसमें है?

(A) सिंधु के मैदानी क्षेत्र
(B) पूर्वोत्तर भारत
(C) प्रायद्वीपीय भारत
(D) गंगा के मैदानी क्षेत्र

146. निम्नलिखित में किसे भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाना जाता है?

(A) पटेल (B) गाँधी जी
(C) नेहरू (D) डॉ. भीम राव अम्बेडकर

147. भारतीय रेलवे नेटवर्क पर लगभग कितने रेलवे स्टेशन हैं?

(A) 9000 (B) 7000
(C) 8000 (D) 6000

148. निम्नलिखित शहरों में से किसमें, मार्च, 2013 में देश का सबसे पहला महिला डाकघर स्थापित किया गया है?

(A) मुम्बई (B) बंगलुरू
(C) चेन्नई (D) नई दिल्ली

149. इसरो द्वारा हाल ही में विकसित सबसे तेज भारतीय सुपरकंप्यूटर, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) रीकेन (B) आकाश
(C) ब्लू जीन (D) सागा-220

150. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में सबसे पुरानी चट्टान है?

(A) शिवालिक (B) भारत-गंगा का मैदानी क्षेत्र
(C) अरावली (D) हिमालय

# Part - IV (English Language)

**Directions (Q.151-155): Identify the word whose spelling is Correct**

151. (A) Profesional (B) Proffessional
(C) Proffesional (D) Professional
152. (A) Schdule (B) Shidule
(C) Schedulle (D) Schedule
153. (A) intelligence (B) intilligence
(C) intalligence (D) intelligance
154. (A) ashaimed (B) ashamid
(C) ashimed (D) ashamed
155. (A) lectarer (B) leaturer
(C) lecturir (D) lecturer

**Directions (Q. 156-160) : Choose the meaning closet to the idioms from the given choices.**

156. To **make castles in the air**
(A) to be boastful (B) to be too ambitious
(C) to be conceited (D) to do day-dreaming
157. To **fight tooth and nail**
(A) to fight like a brute
(B) to fight a losing battle
(C) to make every possible effort to win
(D) to fight heroically
158. He cannot **make both ends meet.**
(A) earn enough
(B) work hard
(C) control affairs
(D) manage the business
159. There is **no love lost** between the two brothers.
(A) cool
(B) intense dislike
(C) a love-hate relationship
(D) close friendship
160. Kith and Kin
(A) Neighbours (B) Friends
(C) Blood relation (D) Relative

**Directions (Q.161-165): In each of the following questions, out of the four alternatives, choose the one which can be substituted for the given words/sentence.**

161. A post without remuneration.
(A) Involuntary (B) Sinecure
(C) Honorary (D) Voluntary
162. A person against whom legal action is instituted
(A) Deponent (B) Litigant
(C) Appellant (D) Defendant
163. A decision on which one cannot go back
(A) Infringible (B) Infallible
(C) Irrevocable (D) Incorrigible
164. A person in charge of a museum
(A) Anthropologist (B) Usurer
(C) Lexicographer (D) Curator
165. A nursery where children are cared for while their parents are at work
(A) Children's Home (B) Dormitory
(C) Orphanage (D) Creche

**Directions (Q. 166-170) : In the following passage there are blanks each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each some words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Choose the appropriate word.**

Without water --------- (166) animal can survive. In desert regions the greatest --------(167) to life is drying up. The only creature equipped to --------- (168) with desert life is the hardy Camel. It is said that Camels can ---------- (169) a distance of about 800 miles in eight days through continuous travel -------- (170) an intake of single drop of water.

166. (A) exceptional (B) no
(C) any (D) every
167. (A) requirement (B) worry
(C) threat (D) need
168. (A) cope (B) resist
(C) bear (D) live
169. (A) lead (B) cover
(C) reach (D) walk
170. (A) except (B) receiving
(C) without (D) for

**Directions (Q. 171-175) : Read the following passage carefully and choose the correct alternative to the given question.**

Childhood is a time when there are few responsibilities to make life difficult. If a child has good parents, he is fed, looked after and loved, whatever he may do. It is improbable that he will ever again in his life be given so much without having to do anything in return. In addition, life is always presenting new things to the child-things that have lost their interest for older people because they are too well known.

171. A child's life
(A) has no time for entertainment
(B) is packed with responsibilities
(C) has few responsibilities
(D) is full of miseries

172. A child gets all things
(A) if he is not naughty
(B) only if parents are good
(C) if he is brilliant
(D) without giving anything in return

173. A child is looked after well
(A) by greedy parents
(B) by selfish parents
(C) by prudent parents
(D) by good parents

174. For a child life is a series
(A) of outdated experiences
(B) new and wonderful things
(C) of outmoded things
(D) of things that the old people have discarded

175. The old people tend to lose interest in
(A) new things
(B) things belonging to children
(C) familiar things
(D) the games of the children

**Directions(Q.176-177) : Voice in the following sentences has been changed.Choose the correct option.**

176. The thief was caught by the police
(A) Police has caught the thief
(B) The police caught the thief
(C) The thief has been caught by police
(D) The police had been trying to catch the thief

177. The hunter shot the tiger
(A) Hunter was trying to shoot the tiger
(B) Hunter shot at the tiger
(C) The tiger was shot by the hunter
(D) The tiger was killed by the hunter

**Directions. (Q. 178-180) : Change the following sentences from direct to indirect and from indirect to direct as the case me be :-**

178. Ali said to the beggar, 'I know you very well'.
(A) Ali told the beggar that he knew him very well
(B) Beggar was recognized by Ali
(C) Beggar knew Ali too.
(D) Ali recognized the beggar.

179. Ashok said that Raman would play the match.
(A) Ashok said, 'Raman play the match'
(B) Raman told Ashok that he would play the match.
(C) Ashok said, 'Raman will play the match'.
(D) 'Raman shall play' said Ashok.

180. I said to my brother, 'Why were you absent yesterday?'
(A) I asked my brother why he had been absent the previous day.
(B) I asked my brother why he had been absent the previous day.
(C) I asked my brother if why he had been absent the previous day.
(D) I asked my brother why he had been absent yesterday

**Directions: (Q. 181-185) : In each of the following questions, find out which part of the sentence has an error.**

181. (A) He was not only involved
(B) in her kidnapping
(C) but also in her murder
(D) No error

182. (A) I am sure that
(B) neither the house nor its contents
(C) is for sale
(D) No error

183. (A) No sooner did the police arrived
(B) than
(C) the robbers made good their escape
(D) No error

184. (A) Walking
(B) across the street
(C) a truck knocked him down
(D) No error

185. (A) I will have (B) both
(C) the blue (D) No error

**Directions (Q. 186-190) : Fill in the blanks with suitable options.**

186. A restaurant that presents spic and span look will naturally ------- more customers.
(A) attract (B) invite
(C) avoid (D) accommodate

187. The doctor --------- the patient from taking certain medicines.
(A) proscribed (B) prohibited
(C) prescribed (D) banned

188. There are ------------- view on the issue of giving of unbridled freedom to the growing child.
(A) valuable (B) divergent
(C) contrary (D) averse

189. I have been staying here ----------last week.
(A) since (B) for
(C) from (D) None of the above

190. They marched ------------- the hall.
(A) into (B) in
(C) from (D) None of the above

**Directions (Q. 191-192): Choose the correct synonyms for the underlined word from the given options.**

191. The boy gave a **<u>vivid</u>** description of all that happened.
(A) picturesque (B) fresh
(C) explanatory (D) brilliant

192. It is **<u>compulsory</u>** for all the students to join this tour.
(A) obligatory (B) necessary
(C) dutiful (D) regular

**Directions (Q. 193-195) : Choose the word most nearly opposite in meaning to the key word.**

193. **ABSOLVE**
   (A) Blame (B) Repent
   (C) Melt (D) Bless

194. **FAMILIAR**
   (A) Alien (B) Strange
   (C) Wonderful (D) Mysterious

195. In the sentence given below choose the appropriate 'Homonym'.
   Despite all our efforts success remained -----------.
   (A) ellusive (B) elusive
   (C) ilusive (D) illusive

**Directions (Q 196-197) : In the following sentences, replace the underlined part with the one which can improve the sentence, from the given options.**

196. The boy **told his teacher** to explain the passage.
   (A) Asked his teacher
   (B) Said to his teacher
   (C) Invited his teacher
   (D) No change

197. Socrates was **one of the wisest man** that ever lived.
   (A) one of the wisest men
   (B) one wise men
   (C) one of the wise men
   (D) no change

**Directions (198-199) : In each of the following questions, a part of the sentence is italicize. Below each sentence are given some possible substitutions for the italicized part. If one of them is better than the italicized part, indicate your response against the corresponding letter. If none of the substitutions improve the sentence indicate 'No improvement' as your answer.**

198. The burglars ***broke in*** Mr. Sharma's house last night.
   (A) broke through (B) broke into
   (C) broke down (D) No improvement

199. It is ten years since I ***have began*** living here
   (A) begun (B) had begun
   (C) began (D) No improvement

200. **In the following sentence there are six sentences marked A, B, P, Q, R, S. The positions of A and B are fixed. You are required to choose one of the four alternatives which would be the most logical sequence of sentences in the passage.**
   A) The similarity between the human body and a machine is rather superficial.
   B) The points of difference far outweigh the points of resemblance.
   P) Beyond that, comparison fails.
   Q) No machine grows in size; no machine sees, hears or feels.
   R) It can be summed up in the statement that both require fuel and oxygen and obtain energy.
   S) No machine thinks.
   (A) SQPR (B) RPQS
   (C) RPSQ (D) QSPR